**खबर संक्षेप**

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर तीन दिवसीय सांस्कृतिक समारोह प्रस्तावित

**मण्डला।** 16, 17 एवं 18 अगस्त 2025 को श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर आयोजित 'श्री कृष्ण पर्व' शीर्षक से तीन दिवसीय सांस्कृतिक समारोह सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर लालीपुर में संपन्न किया जाना प्रस्तावित है। श्री कृष्ण पर्व के अवसर पर मण्डला जिले से संबंधित लोक संस्कृति, परम्परा, मान्यताओं, पर्यटन एवं धरोहरों को जोड़ने का प्रयास किए जाने तथा आयोजन के शीघ्र समन्वय, संयोजन एवं क्रियान्वयन सम्पादन हेतु सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग मण्डला को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा बैठक संपन्न

**मण्डला।** अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह ने ली सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा बैठक। इस दौरान उन्होंने जुलाई माह की शिकायतें, 50 दिवस से लम्बित शिकायतों के निराकरण की स्थिति तथा उनके संतुष्टिपूर्वक निराकरण की स्थिति देखी। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता से बात करें तथा सही जवाब प्रविष्ट करें संबंधित अधिकारी। रैंकिंग जारी होने में अभी 12 दिवस शेष हैं। श्री सिंह ने कहा कि विभाग प्रमुख सीएम हेल्पलाईन के शिकायतों के निराकरण की ग्रेडिंग को और बेहतर करें। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2० तथा इन्टरेस्ट सब्सिडी स्कीम की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि एसडीएमए सीएमओए सीईओ इसमें प्रगति लाकर पूर्ण करें। इस दौरान सभी को प्रजापिता ब्रम्हकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से राखी बांधी गई।

### आवारा पशुओं एवं बेलगाम ऑटो चालन पर नहीं लग रहा अंकुश

# यातायात को लेकर बेखबर विभाग

*** रोजाना बनती जाम की स्थिति, दुर्घटना का बना रहता अंदेशा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



नगर के यातायात को व्यवस्थित एवं सुगम बनाने पिछले काफी समय से न तो कोई योजना बनाई गई और न ही इस पर काम होता दिखाई दे रहा है। यही कारण है कि बढ़ती वाहनों की संख्या एवं आवारा पशुओं की धमाचौकड़ी से नगर का यातायात इतना खतरनाक हो चुका है कि लोगों का आवागमन तो मुश्किल है ही अब सड़क पर चलना सुरक्षित भी नहीं बचा है।

कल की ही घटना है जबकि राजस्थान में बच्चों की रैली के बीच लड़ते हुये सांड़ पहुंच गये और जिससे दर्जन भर से ज्यादा बच्चों को चोटें पहुंची हैं हमारे नगर में भी आवारा पशुओं की भरमार है शायद ही कोई सड़क बची होगी जहां इनका कब्जा रात और दिन न रहता हो, कभी-कभी तो स्थिति यह आ जाती है कि पूरी सड़क पर इनका एकाधिकार हो जाता है और लोगों का वहां से निकल पाना संभव नहीं होता। सड़क के किनारे ठेलों में लगी दुकानें अस्त-व्यस्त खड़े वाहनों के बाद सड़क पर इतना भी स्थान नहीं बचता कि वाहन चालक आसानी से आ-जा सकें। नगर का यातायात बेहतर हो इसके लिये बाकायदा यातायात विभाग बनाया गया है लेकिन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी इस ओर गंभीर हों ऐसा पिछले काफी समय से नजर नहीं आया।

कल अवश्य यातायात का एक वाहन यह एनाउन्समेंट करता अवश्य दिखाई दिया कि दुकानदार अपनी दुकान के सामने खड़े वाहनों को व्यवस्थित करें उसके बाद अपनी दुकानदारी करें सड़क पर कोई वाहन जा रहा है तो उसे किनारे होने का निर्देश दिया गया उक्त वाहन में चालक सहित 4 लोग सवार थे जबकि बहुत से चौराहे ऐसे थे जहां कोई भी यातायात कर्मी मौजूद नहीं था इन चौराहों में आखिर यातायात कर्मियों की मौजूदगी क्यों नहीं होती।

नगर का एक मात्र ट्राफिक सिग्नल पिछले 2-3 दिनों से बंद है अब इस चौराहे का यातायात व्यवस्थित हो तो कैसें, हालांकि जब ट्राफिक लाईट चालू भी रहती है तो भी उसका कितना पालन करना है और कैसें पालन करना है इसका ध्यान नगर के लोगों को अभी भी नहीं हो पाया है जबकि ये ही लोग जब महानगरों में जाते हैं तो नियमों का बखूबी पालन करते हैं इसका आशय यह कि यहां कहीं न कहीं यातायात विभाग द्वारा इन्हें छूट दी जा रही है। इस चौराहे पर जो यातायात कर्मी ड्यूटी कर रहा होता है वह किसी दुकान के शेड के नीचे खड़ा हो अपनी ड्यूटी निभाने का प्रयास कर रहा होता है लेकिन वह पर्याप्त नहीं होता। कल अवश्य यातायात कर्मी चौराहे के बीच खड़ा हो यातायात संभालने में लगा रहा।

यह प्रयास और इस तरह के और प्रयास लगातार होने चाहिये ताकि नगर के यातायात को बेहतर बनाया जा सके पार्किंग की सुविधा के लिये पर्याप्त प्रयास की आवश्यकता है जिसके लिये प्रशासन को ध्यान देना होगा अन्यथा आने वाले समय में स्थिति और खराब होगी।







## डिजिटल प्रक्रिया की मजबूती को लेकर आयोजित हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

E-Prosecution व icjs पोर्टल के माध्यम से कार्यवाही को अधिक सशक्त, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से जिला मुख्यालय मंडला में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा द्वारा ली गई जिसमें डाक्टर प्रवीण उइके, डाक्टर डीएस मरकाम, सहायक जिला लोक अभियोजक अधिकारी एवं कोर्ट डाटा सेंटर के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में E-Prosecution व icjs पोर्टल पर डाटा एंट्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करने, तकनीकी त्रुटियों को दूर करने तथा सभी संबंधित दस्तावेजों की समय पर ऑनलाइन अपलोडिंग हेतु विस्तृत चर्चा की गई। विशेष रूप से MLC (मेडिको-लीगल केस) रिपोर्ट, मर्ग दुर्घटना रिपोर्ट, लीगल ओपिनियन तथा ऑनलाइन चार्जशीट की त्वरित एवं सटीक फीडिंग पर चर्चा की गई।

माननीय न्यायालय द्वारा ऑनलाइन माध्यम से जारी किए गए समन एवं वारंट के निष्पादन पर भी विशेष बल दिया गया। निर्देशित किया गया कि ऐसे समस्त न्यायालयीन आदेशों की तामीली में शिथिलता न हो तथा प्राप्त समन/वारंट की जानकारी पोर्टल पर तत्काल अपडेट की जाए, जिससे न्यायिक प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी न हो। इसके अतिरिक्त माननीय न्यायालय से समंस प्राप्ति की प्रणाली की समीक्षा की गई। सभी उपस्थित अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं व सुझावों को साझा किया और उन्हें शीघ्र निराकृत करने हेतु समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया।

## अवैध खनिज रेत का वाहन ट्रेक्टर जप्त एवं प्रकरण न्यायालय प्रेषित

**मण्डला।** खनिज विभाग मण्डला द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन तथा अवैध भण्डारण के विरूद्ध सतत रूप से कार्यवाहियाँ की जा रही है। इसी तारतम्य में प्राप्त शिकायत के आधार पर तहसील घुघरी ब्लॉक मोहगांव अंतर्गत खनिज रेत का वाहन ट्रेक्टर एमपी 51 जेडडी 3715 ट्राली को खनिज विभाग द्वारा जप्त किया गया। वाहन को शासकीय अभिरक्षा में संबंधित थाना प्रभारी मोहगांव की सुपुर्दगी में दिया गया। वाहन के विरूद्ध म.प्र. खनिज नियम 2022 के प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज कर कलेक्टर न्यायालय प्रेषित किया जा रहा है।

## एकीकृत शासकीय बालक हाई स्कूल नारायणगंज मे निःशुल्क साइकिल वितरण



**नारायणगंज।** आज 07.08.2025 को शासन की महत्त्वपूर्ण योजना निःशुल्क साइकिल प्रदाय के तहत छात्र हित में संस्था एकीकृत शासकीय बालक हाई स्कूल नारायणगंज मे कक्षा 6 वीं के पात्र १२ बच्चों को साइकिल वितरण माननीयों की गरिमामयी उपस्तिथि में किया गया, उक्त कार्यक्रम में सम्मानीय जनप्रतिनिथि श्री राज कुमार परते जी सरपंच ग्राम पंचायत पडरिया, जनपद पंचायत समन्वयक रम्मू सिंह मरावी, सन्तोष मेश्राम स्वच्छता समन्वयक जनपद पंचायत नारायणगंज, श्री साहू एडवोकेट सांसद प्रतिनिधि, वार्ड सदस्य राम कुमार साहू, अभिषेक शर्मा सचिव ग्राम पंचायत पडरिया एवं अन्य सदस्यओ के साथ समस्त स्टॉफ शासकीय बालक हाई स्कूल नारायणगंज के शाला परिवार उपस्तिथ रहे।

## महादेव की भक्ति में निकले कांवड़िये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/बम्हनीबंजर



नैनपुर से मंडला आए शिवभक्त,मां नर्मदा के तट से जल भर कर 121 किलो वजनी कांवड़ को लेकर मंडला से नैनपुर लौट रहे सभी शिवभक्त कांवड़ियों के बम्हनी बंजर₹ प्रस्थान करने पर विगत रात्रि करीब 2 बजे बम्हनी बंजर के युवा साथियों के द्वारा स्वागत कर सतबहनी माता मंदिर से सिविल लाइन स्थित नाका₹ तक कांवड़ियों के साथ 121 किलो वजनी कांवड़ रख कांवड़ियों का उत्साह बढ़ाया,साथ ही सभी शिवभक्तों के भोजन की व्यवस्था कर,सभी शिवभक्तों को भोजन करवा कर, बम्हनी के युवा साथी समाज सेवक/गौ सेवक अश्विनी सोनी, दुर्गेश चंद्रोल, शिवम रजक, अनुराग कार्तिकेय, अमन चंद्रोल, नमन सहित सभी ने कांवड़ियों को नैनपुर की ओर रवाना किया।

## कारगिल विजय दिवस में कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

शासकीय महाविद्यालय अंजनिया में कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम के माध्यम से शहीदों को दी गई श्रद्धांजली। श्री रोहणी प्रसाद शुक्ला के मुख्य आतिथ्य एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ. नवीन कुमार हरदहा की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वाधान में कारगिल विजय दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन कर शहीदों को श्रद्धांजली दी गई। छात्र-छात्राओं को देश सेवा हेतु आगे आने के लिए प्रेरित किया गया। अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। प्रभारी प्राचार्य द्वारा कारगिल युध्द में भारतीय सेना द्वारा किस तरह विजय पटका फहराया गया इस संबंध में विस्तार से जानकरी प्रदान की गई। श्री रोहिणी प्रसाद शुक्ला द्वारा शहीदों के लिखी गई स्वरचित कविता का वाचन किया गया। कारगिल युध्द पर डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टॉफ में डॉ. घनश्याम प्रसाद झरिया, डॉ. विजय मौर्य, डॉ. प्रशांत कुमार यादव, श्री संदीप चौरसिया, श्री संतोष नंदा एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

**आयोजन** | **कटरा से निकाली गई तिरंगा रैली में शामिल हुई केबिनेट मंत्री सम्पतिया उइके।**

# हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ

*** सार्वजनिक जागरूकता के लिये हुआ आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



मध्यप्रदेश शासन की मंशा अनुसार 8 अगस्त से 15 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा', 'हर घर स्वच्छता' अभियान चलाया जा रहा है। जिले में इस कार्यक्रम की शुरूआत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके की मौजूदगी में शुक्रवार को ग्राम पंचायत कटरा में हुई। उन्होंने इस अभियान का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर मंत्री श्रीमती उईके ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से कहा कि इस अभियान का उद्देश्य लोगों में देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान को बढ़ावा देना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इस अभियान की शुरूआत की गई है। इसमें हर वर्ग के लोग स्वेच्छा से जुड़ रहे हैं और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति अपना नैतिक दायित्व बता रहे हैं। आप सभी से यह अपील है कि तिरंगे का सम्मान करें।



स्वच्छता की अलख जगाने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जन्म जयंती पर स्वच्छ भारत मिशन अभियान की शुरूआत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2014 में नई दिल्ली के लालकिले से की। इस अभियान का यह परिणाम रहा कि लोग न सिर्फ अपने आसपास स्वच्छता के प्रति जागरूक हुए बल्कि गंदगी फैलाने वालों को रोकने-टोकने भी लगे। प्रदेश का महानगर इंदौर पूरे देश में स्वच्छता में नंबर वन बना हुआ है। यह वहां के लोगों की सकारात्मक सोच का परिणाम है।

मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि आज इस मंच के माध्यम से आप सभी यह संकल्प लें कि मंडला जिला भी स्वच्छता की श्रेणी में शामिल हो। उन्होंने ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव को कहा कि क्षेत्र में स्वच्छता दूत तैयार करें। इसके अलावा आवश्यकता होने पर सफाई वाहन भी उनके द्वारा विधायक निधि से प्रदान किया जायेगा। सार्वजनिक जागरूकता स्वच्छता न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य के लिए, बल्कि मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक है। साथ ही स्वस्थ और स्वच्छ वातावरण में रहने से बीमारियों का खतरा कम होता है। सकारात्मक सोच का विकास होता है और आत्मविश्वास बढ़ता है।

कार्यक्रम में तिरंगा रैली खैरमाई मंदिर कटरा से निकाली गई। 'स्वच्छ भारत मिशन' के अंतर्गत 'स्वच्छ रहेंगे, स्वच्छता के प्रति सजग रहेंगे' हस्ताक्षर अभियान में हस्ताक्षर किए।

जिसमें जिला पंचायत सदस्य श्री संदीप सीताशरण सिंह, सरपंच देवदरा श्री सिया शेर सिंह, जनपद पंचायत सदस्य श्री अजीत विरानी, सरपंच कटरा श्री हरिशंकर, अपर कलेक्टर श्री राजेंद्र कुमार सिंह, जनपद पंचायत सीईओ श्रीमती प्रतिमा शुक्ला, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री विनोद मरावी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, स्वच्छतादूत एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## मंत्री श्रीमती उइके ने जिला जेल में नवीन बैरक का किया लोकार्पण, कैदियों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने शुक्रवार को जिला जेल मंडला में तैयार किए गए 2 नवीन बैरक एवं 4 वीसी रूम का लोकार्पण किया। इस बैरक की निर्माण लागत लगभग एक करोड़ 50 लाख रूपए है। लोकार्पण के उपरांत उन्होंने बैरक का निरीक्षण किया। बंदियों के लिए उपलब्ध चिकित्सा सुविधा, वीडियो कॉन्फ्रेंस सुविधा के संबंध में भी जानकारी ली। कैदियों से किए संवाद में उन्होंने कहा कि जेल सुधार गृह है। पूर्व में की गई गलतियों को सुधारने और आत्म मंथन करने का प्रयास आपके द्वारा करने की जरूरत है। यहां से निकलने के बाद समाज में अच्छे नागरिक होने का दायित्व निभाएं।

इस अवसर पर निरूद्ध बंदी संदीप एवं उमेश ने उनके द्वारा तैयार किए गए रूमाल भेंट किए। जिसकी अतिथियों द्वारा सराहना की गई। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जिला पंचायत सदस्य शैलेष मिश्रा, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, जेल अधीक्षक संजय सहलाम सहित जिला जेल का स्टॉफ एवं बंदी मौजूद थे। जेल अधीक्षक ने जिला जेल मंडला के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वीसी रूम के लोकार्पण होने से ऑनलाईन पेशी हो सकेगी, जिसमें कम समय लगेगा।



# शहर के बाजार में छायी सावन की रौनक, रंगी बिरंगी राखियों से सजी दुकानों के बीच वाहनों की धमाचौकड़ी बनी परेशानी का कारण, ट्रेनों से लेकर बसों में भीड़ का आलम








हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।

भाई, बहिन के अटूट स्नेह का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन का त्यौहार आज शनिवार को शहर में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। गौरतलब है कि इस समय रक्षा बंधन पर्व की तैयारियों को लेकर घरों में जहां महिलाये अपने भाईयों के माथे पर तिलक लगा उनकी कलाईयों पर रंगबिरंगी राखियाँ बांधने उत्साहित होकर बहिनों ने उमंग, उल्लास के साथ रक्षा बंधन मनाने की तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई है। वही बाजार में राखियाँ, किराना सामग्री, उपहार का सामान, रेडीमेड व मिठाईयों तथा फल खरीदने वाले लोगों की ढलती शाम तक भी उमड़ते हुये देखी जा रही थी तो दूसरी ओर ट्रेनों व बसों में इस समय जिस प्रकार से भीड़ का आलम देखने मिल रहा है कि लोगों को यात्रा करना मुश्किल दिखाई देने से नही चूक पा रहा है। क्योंकि इस समय जो लोग बाहर रह रहे है वह अपने घरों को वापिस आ रहे है। वही दूसरी ओर बहिने भी अपने भाईयों की कलाई पर राखी बंधने के लिये अपने भाईयों के घर पहुंच रही है। इस हाल में जहां ट्रेनों से लेकर बसे फुल चल रही है। वही दूसरी ओर जहां बाहर के लोग रक्षा बंधन के चलते अपने घरों को जाने के लिए बेकरार दिखाई दे रहे है और वह सोच रहे है जो जो भी ट्रेन या बस मिले उसी से निकलना उचित समझ रहे है। वही दूसरी ओर बाहर पढ़ाई करने वाले छात्र छात्राओं का वापिस आने के चलते बीते हुए दो दिनों से ही शुरू हो गया था, जिसके चलते बीते हुये दो दिनों से ट्रेने व बसे फुल चल रही है। नगर के रेलवे स्टेशन पर गुरूवार व शुक्रवार की सुबह का आलम इस प्रकार से देखने मिल रहा था कि टिकिट लेने वालों की लम्बी लाईन लगी रही। ज्ञातव्य है कि भाई बहिन के प्रेम का प्रतीक यह पर्व हिन्दू, जैन धर्मावलंबी उत्साह से हर वर्ष मनाते है। मान्यता है कि देवताओं के गुरू वृहस्पति ने ही देवराज इंद्र को असुरों पर विजय पाने के लिए रक्षा बंधन पर्व मनाने का सुझाव दिया था तभी से रक्षा बंधन पर्व मनाने की परम्परा चल रही है। हिन्दू धर्म में रक्षा बंधन पर्व मनाने का खास महत्व इसलिए है कि बहिन द्वारा भाई की कलाई में रक्षासूत्र बांधने के साथ भाई से बहिन जीवन भर संरक्षण, सम्मान की रक्षा का वचन मांगती है और बदले में भाई अपनी बहिन को उपहार भेंट कर उसके चरणों में नमन कर बहिनों के अंतर्मन में नया उल्लास भरते है। शहर के ज्योतिषों द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि सौभाग्य से इस वर्ष रक्षा बंधन का त्यौहार शुभ दिन सोमवार को पड़ रहा है। क्योंकि यह दिन भगवान शिवजी का प्रिय माना जाता है और पूरे सावन मास में लोग शिवजी की आराधना में लीन रहते है। इस साल बडे ही सौभाग्य है। क्योंकि जहां श्रावण मास की शुरूआत संतोषी माँ के प्रिय दिवस शुक्रवार के दिन से हुई थी और आज समापन भगवान शनिदेव के आर्शीवाद के साथ होने जा रहा है। इतना ही नही इस बार श्रावण मास में चार सोमवार पड़ना निश्चित तौर से काफी शुभकारी बताये जा रहे है। इस तरह शनिवार के दिन रक्षा बंधन होना संकट मोचक भगवान हनुमान जी व शनिदेव का माना जाता है जिसके चलते बहुत ही शुभ माना जा रहा है। इसी के चलते आज जहां रक्षा बंधन का त्यौहार तो नगर मे धूमधाम से मनाया ही जावेगा। वही दूसरी ओर सावन मास का अंतिम शनिवार होने के चलते नगर में जहां अनेक जगहों पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होगे। वही आज बहिनों द्वारा इस त्यौहार को हर्ष उल्लास से मानने के लिए अपनी ओर से पूरी तैयारियाँ कर ली गई है। इसी के चलते देखा गया कि नगर के झंडाचौक अन्य जगहों पर स्थित राखी बाजार में जहां दिन भर भीड़ लगी हुई देखी जा रही है। वही दूसरी ओर यही हाल समीपस्थ सांईखेड़ा में भी देखा गया जहां पर राखी बाजार में दिन भर भीड़ इस प्रकार से देखने मिली की लोगों का बाजार में पैदल चलना मुश्किल नजर आने लगा था। इस प्रकार से नगर के झंडाचौक पर सजे हुये राखी बाजार में जहां देर रात तक महिलाओं की भीड़ उमड़ते हुये देखी गई। मगर दूसरी ओर आटों से लेकर अन्य प्रकार के वाहनों की धमाचौकड़ी के चलते राखी बाजार में महिलाओं को अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होते हुये देखा गया।

## खबर संक्षेप

### बच्चों को बचाने की बात को लेकर छोटे भाई ने बड़े भाई से की मारपीट

**चीचली।** जब कोई बच्चों के साथ मारपीट कर रहा होता है और वह चिल्लाते है तो निश्चित हर व्यक्ति का दिल उन्हें बचाने के लिये अग्रसर होने से नही चूकता है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये ग्राम सूखाखैरी में जब छोटा भाई अपने बच्चों के साथ मारपीट कर रहा था तो बडे भाई ने बचाने का प्रयास किये जाने पर उसके साथ मारपीट करते हुये चोटे पहुंचा दी गई। घटना के संबंध में पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सूखाखैरी निवासी बडे भाई द्वारा अपने छोटे भाई के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि उसका छोटा भाई रामसेवक यादव अपने बच्चों के साथ आंगन में मारपीट कर रहा था और बच्चें बचाओं बचाओ चिल्ला रहे थें जब प्रार्थी उनके बचाने के लिये गया तो छोटे भाई द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये लाठी से अपने बड़े भाई के साथ मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई।

### कुल्हाडी मारकर किया घायल

**गाडरवारा।** समीपस्थ पहोला पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम भटेरा निवासी सतोष पिता रघुवर सिंह राजपूत द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब में अपने खेत जा रहा था उसी दौरान ग्राम का अमित व उसका भाई राज राजपूत मिले ओर पुरानी बुराई को लेकर गंदी गंदी गालिया देने लगे जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो अमित द्वारा मारपीट की गई जिसके चलते कुल्हाडी लग गई। वही अमित द्वारा लाठी से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाते हुये जान से मारने की धमकी दी गई।

### फूफा के विवाद के बीच बोलने पर भतीजे की हो गई पिटाई

**चीचली।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम दहलवाडा निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि वह अपने चाचा राहुल राजपूत के साथ चीचली आया हुआ था। उसी दौरान प्रार्थी के फूफा सतीश राजपूत का किसी बात को लेकर जाहिद खान से विवाद हो रहा था तो प्रार्थी द्वारा जाहिद खान से पूछा कि आखिर हो क्या गया। इसी बात को लेकर जाहिद खान से प्रार्थी के साथ गंदी गंदी गालिया देते हुये डंडे से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### डीजे न देने पर टेन्ट हाऊस मालिक को दी जान से मारने की धमकी

**चीचली।** पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम तेंदूखेड़ा निवासी टेन्ट हाऊस के संचालक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि बीते हुये दिवस उसी ग्राम निवासी अजय पिता भगवानदास कुडोपा प्रार्थी के घर आया और बोला की डीजे चाहिये। जब प्रार्थी द्वारा डीजे देने से इंकार किया तो आरोपी द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### भार्गव को पितृ शोक



**गाडरवारा।** शहर के जाने माने कांग्रेस युवा नेता धर्मेन्द्र व महेन्द्र, भूपेन्द्र भार्गव के पिताश्री का बीते हुये गुरूवार को निधन हो गया। स्व.भार्गव की शव यात्रा में सभी वर्ग के लोगों ने शामिल होकर अपने श्रद्वा सुमन अर्पित किये गये।

### पडौसी ने मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई

**चीचली।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम चारगांव खुर्द निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि उसके पडोस में निवास करने वाले सोनू ठाकुर आये दिन शराब पीकर परेशान किये जाने की बात को लेकर उनके बीच बोल चाल नही है। इसके चलते बीते हुये दिवस जब प्रार्थी अपने घर पर था उसी दौरान सोनू ठाकुर आया और बगैर किसी कारण के ही गालिया देने लगा जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से माना किया तो आरोपी द्वारा लाठी से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई।

## निर्मल ग्रामो की बर्बादी, कमिशन की आड़ में आंखे बंद किये हुए अधिकारी?

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** देश को विकास और समृद्धि की ओर अग्रसर करने के लिए चलाई जा रही योजनाओं के तहत गांव को साफ सुधरा और हरा भरा बनाने की कवायद में है और इसके लिए शासन प्रशासन निर्मल ग्राम बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है, इसके लिए समय समय पर गांव को चयानित कर वहां पर लाखो करोड़ो रूपये की राशि खर्च की जा रही है जिसमें गांव के प्रत्येक परिवारो के घरो में शौचालय बनाये गये है। वही दूसरी ओर गांव में पक्की नालियां सड़क और कुडादान व जल स्त्रोतो को साफ सुधरा बनाया जाना है और इसकी देख रेख के लिए जिला स्तर पर हर ब्लाक में अलग से कर्मचारी भी नियुक्त किये गये है जिन्हे वेतन के रूप में मोटी रकम और भ्रमण करने के लिए वाहन उपलब्ध कराये गये है। लेकिन ये अधिकारी कर्मचारी आफिसों में बैठे बैठे ही योजना का संचालन कर रहे है और इसका परिणाम यह देखने में आ रहा है कि गांव में बनायी गई सड़के एक चंद वर्षो में ही पूरी तरह उखड़ चुकी है। वही पूर्व के समय में गांवों में बनाये गये शौचालय की स्थिति भी इसी प्रकार से देखने मिल रही है कि वह कचरो एवं कूडादानो में तब्दील हो गये है तो हजारों रूपया की लागत से बनाये गये कचरा घर टूट गये है, जल स्त्रोतो के समीप हरी घासे एवं दलदल निर्मित हो गयी है, इसके बाबजूद शासन द्वारा इन निर्मल ग्रामो को पुरूस्कार द्वारा नवाजा गया है, जिसमें लाखो रूपये की इनाम राशि को भी सरपंच सचिवो ने डकार ली? यदि इन गांवों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो अनेक पंचायते तो इस प्रकार की जहां पर लोग आज भी शौच के लिए बाहर जाते हुए नजर आते है और दूसरी ओर सड़कों की गुणवत्ता को दरकिनार करते हुए कमीशन की आड़ में अधिकारियों द्वारा उन्हें पास कर दिया गया है जो चंद दिनों के बाद भी टूटना शुरू हो चुकी है।

## बस्ता के बोझ तले दबी मासूमों की जिन्दगी, माँ को सिर पर बचन ले जाने की मजबूरी...





हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।

भले की सरकार द्वारा स्कूली बच्चों के बढ़ते हुये बस्ते के बोझ को कम करने की बात कही जा रही है। मगर चल रहे शिक्षा सत्र के दौरान जिस तरह बच्चों को अपने कंधों पर बस्ते का बोझ लादकर ले जाते हुये देखा जा रहा है वह सरकार के दावों की पोल खोलने में कोई कसर नही छोड़ रहा है। यह सच्चाई मात्र निजी स्कूलों की ही नही है बल्कि शासकीय स्कूलों में अध्ययन करने वाले मासूम छात्र छात्रायें भी इस बस्ते के बीच के नीचे दबने में पीछे नही रह रहे है..? इस बात की सच्चाई बीते हुये दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा के एक शासकीय स्कूल परिसर में उस समय देखने मिली जब अपने मासूम बच्चों के बस्ते का बोझ लेकर उनको चलने की असमर्थता के चलते माँ खुद अपने मासूमों के बस्तों को सिर पर लेकर स्कूल तक छोड़ने के लिये जाते हुये देखा गया। बताया जाता है कि यह हाल सभी मासूम बच्चों का बना हुआ है। इस स्थिति में स्कूलों तक इन बच्चों को छोड़ने के लिये अभिभावकों की मजबूरी बन चुकी है। क्योंकि भले ही बच्चों को वह स्कूल किसी साधन के माध्यम से भेज सकते है। मगर वाहन से उतरने के बाद कक्षा के अंदर जाने के लिये व छुट्टी होने के बाद बाहर तक आने के दौरान भी बस्ते का बोझ यह मासूम संभालने में असहाय होने के कारण अभिभावक बच्चों के बोच को खुद ही लादकर ले जाने के लिये मजबूर होते हुये देखे जा रहे है।

## सांगई में रक्षा बंधन के पूर्व राखी बांधकर दिया स्नेह का संदेश




हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

रक्षा बंधन त्यौहार को लेकर जिस तरह छोटे बच्चों में उत्साह देखने मिलता है और वह रक्षा बंधन का काफी दिन पहले से इंतजार करने लगते है। जब बाजार में उन्हें रंगी बिरंगी राखियों की झालर दिखाई देते है तो उनका मन प्रफुल्लित होने से नही चूकता है। इस प्रकार से रक्षा बंधन के एक दिन पहले जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्राम सांगई की एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला में देखने मिला। क्योंकि रक्षा बंधन के दिवस अवकाश होने के चलते यहां पर स्कूलों बच्चों ने एक दिन पहले ही रक्षा बंधन का पर्व मनाते हुये स्नेह पूर्ण त्यौहार में चार चांद लगा दिये गये। बताया जाता है कि शिक्षण संस्था में छात्राओं ने रक्षा बंधन त्यौहार मनाये जाने के लिए स्वयं आकर्षक राखियाँ बनाई गई तथ इन राखियो को बनाने के लिए छात्राओ ने घर की सामग्रियो का उपयोग किया। वही घर में बनाई रखियाँ जहां मनमोहन बनने से नही चूक पाई थी। वही दूसरी ओर कक्षा 8 वी की छात्रा लक्ष्मी केवट ने बताया कि मेने घर पर मेरी अन्य बहनो के सहयोग से राखी बनाई है। वही कक्षा 7 वी की छात्रा अंकिता धानक ने कहा कि रक्षा बंधन पर्व भाई बहनो के स्नेह का पर्व है। हमने बड़े ही उत्साह से राखियाँ बनाई है। इन छात्राओं द्वारा अपनी संस्था में साथ पढ़ाई करने वाले छात्रों को बांधते हुये भाई बहिन के बीच स्नेह भरे राखी बंधन त्यौहार की अनुठी मिशाल पेश की गई। इस दौरान शिक्षक मधुसूदन पटैल ने बताया कि कक्षावार आकर्षक राखी बनाने वाले बच्चों को पुरूस्कार प्रदान किये जावेगे।

## कला उत्सव में विद्यार्थियों ने बिखेरे रंग, इस तरह के आयोजन से प्रतिभाओं में आता है निखार



**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** जनपद पंचायत चीचली के उत्कृष्ट विद्यालय में विकास खंड स्तरीय कला महोत्सव का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि इस आयोजन में चीचली विकास खंड अंतर्गत आने वाले समस्त हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के चयनित विद्यार्थियों ने बारह विभिन्न विधाओं यथा- गायन, वादन, नृत्य, नाटक, दृश्य कला, मूर्ति कला, चित्र कला, कहानी वाचन की एकल तथा सामूहिक विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रत्येक विद्या में तीन सदस्यीय निर्णायक मंडल ने विभिन्न आयामों के अंतर्गत अपने निर्धारित माप दंडों के अनुसार अपना अभिमत दिया। निर्णायको के डाटा विश्लेषण तथा संकलन के उपरांत प्रत्येक विद्या में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों तथा उनके समूहों को प्रशस्ति पत्र तथा शील्ड से सम्मानित किया गया। अब यह चयनित विद्यार्थी जिला स्तरीय कला महोत्सव में सहभागिता देंगे। इस कला महोत्सव में विद्यालय के प्राचार्य भूपेश ठाकुर का संयोजन, सृष्टि कौरव तथा निधि केरकेट्टा के मंच संचालन तथा आभार प्रदर्शन मोनिका मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शिक्षक विनीत नामदेव, सत्यम ताम्रकार, भूषण साहू, सुलेखा शर्मा, हेमंत शुक्ला, भारत ताम्रकार, रजनी सराठे, नंदिनी नामदेव, दिनेश गर्ग, सरफराज मोहम्मद, उत्कृष्ट विद्यालय के समस्त अतिथि शिक्षक, विभिन्न विद्यालयों से आए मार्गदर्शी शिक्षक, शिरीष पाटकर, वीरेंद्र वर्मा, अमित बेलबंशी, उमाकांत मेहरा, दल गंजन सिंह कौरव, राजीव श्रीवास्तव का भी सहयोग मिला। इस कला महोत्सव का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन तथा विकास खंड शिक्षा अधिकारी चीचली के निर्देशन में संपन्न हुआ।

## ग्रामीण क्षेत्रों में आये दिन कई घंटों तक हो रही बिजली कटौती के चलते उमस भरी गर्मी से परेशान

**हरिभूमि न्यूज/सिंहपुर छोटा।** जहां एक ओर सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों को 24 घंटे बिजली उलब्ध कराने हेतु बड़ी ही जोर शोर से अटल ज्योति योजना का शुभारंभ किया गया था। मगर इस समय ग्रामीण क्षेत्रों में आये दिन लगातार कई घंटों तक हो रही बिजली कटौती के चलते जहां लोग परेशन होते हुए देखे जा रहे है। वही दूसरी ओर सरकार की अटल ज्योति योजना पर लोगों द्वारा सबाल खड़े करते हुए इसे अटक ज्योति योजना का नाम



दिये जाने लगा है..? इस संबंध में बताया जाता है कि चीचली नगर सहित सिंहपुर, आंडेगांव, गोटीटोरिया, पुंआरिया सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही बिजली कटौती के चलते जहां आम लोग परेशान हो रहे है वही दूसरी ओर इस समय पड़ रही उमश भरी भीषण गर्मी के दौरान लोगों की नींद हराम होती चली जा रही है। वही लोगों का कहना है कि यदि आने वाले दिनों में मौसम का यही हाल रहा तो गर्मी के चलते बीमारी फैलने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है। वही यदि बिजली कटौती का यही आलम बना रहा तो लोगों का जीना मुश्किल हो जावेगा। जानकरी के अनुसार दिन और रात में की जा रही बिजली कटौती के कारण बच्चों बुर्जुगों के साथ महिलाओं की नीद उड़ गई है। इस संबंध में जब विद्युत वितरण कंपनी के कार्यालय एवं पावर हाउस में में बिजली कटौती को लेकर संपर्क किया जाता है तो वहा से एक ही जबाब मिलता है कि लाईन गाडरवारा से बिजली बंद होने के कारण हम कुछ नही बता सकते है या फिर कह दिया जाता है कि मेंनेटेन्स चल रहा है इस लिए बिजली बंद है..? इस प्रकार से सुधार कार्य के नाम पर आये दिन कई घंटों तक बिजली बंद की जा रही है जिसके चलते जहां ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति तो प्रभावित होते हुए देखा जाता है, वही किसान भी अपने खेतों में लगाई गई गन्ना सहित अन्य फसलों में पानी देने के लिए परेशान होते हुए देखे जा रहे है?

## शहर के चौराहों से लेकर पुलिस थाने के सामने जमा चार पायों के डेरा से हर नागरिक हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।



लोग अपने घरों में दूध खाने के लिए जिस प्रकार से पालते है, मगर उनकी देख रेख करने की जगह नगरवासियों को परेशानी शानी पैदा करने छोड़ देते है? पशु मालिक दूध निकालकर दुधारू पशु को अपने घर से डण्डा मारकर बाहर निकाल देते है जियके चलते शाम होते ही शहर के मुख्य मार्गो में आवारा पशुओं का जमघट लगा रहता है। इसी का परिणाम है कि आये दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है। इस प्रकार से आवारा पशुओं का इन दिनों सड़कों में जाम लगना आम बात हो गई है और आमलोग जाम से तंग आ चुके है। क्योंकि इन जानवरों को हटाये जाने को लेकर न तो प्रशासन गंभीर दिख रहा है और न ही पशु मालिक, ऐसे में आम नागरिको को काफी कठिनायों का सामना करना पड़ रहा है। कहने के लिये तो कुछ महिनों पहले नगर पालिका प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया पर एक पत्र जारी करते हुये लोगों को अवगत कराया गया था कि सड़को पर घूमने वाले पशुओं को पकड़कर शहर के बाहर छोड़ने के लिये एक टीम का गठन किया है। मगर पता नही वह टीम कहा काम कर रही है इस बात का पता नही नही चल पा रहा है? यदि गौर किया जावे तो इन दिनों शहर के प्रमुख स्थान पलोटन गंज, रेल्वे स्टेशन रोड़, झंडाचौक, पुरानी गल्लामंडी, राठी तिरहा, आमगांवनाका, नया बस स्टेन्ड सहित अनेक स्थानों पर यह मवेशी अपना डेरा जमाये आये दिन हादसो को भी आमंत्रित करते रहते है। इतना ही नही नगर के पुलिस के थाने के सामने भी पशुओं का डेरा होने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करने मजबूर होना पड़ रहा है। इस प्रकार बेपरवाह पालक शहर की सड़को पर आवारा घूम रहे इन जानवरो के पालक पूरी तरह से बेपरवाह बने रहते है तो दूसरी ओर दुधारू जानवरो का दूध निकालने के बाद पशु पालक इन्हे सड़को पर खुल्ला छोड़ देते है ऐसे में ये जानवर सड़को पर पहुंच कर अपना डेरा जमा लेते है, कभी कभार तो इन आवारा जानवरों की वजह से गंभीर हादसे भी घटित हो चुके है। मगर इन आवारा पशुओं को प्रशासन द्वारा हटाये जाने किसी भी प्रकार के प्रयास नही किये जा रहे है और न ही पशु पालकों के खिलाफ कोई कार्यवाही जिसके कारण पशु पालकों के हौसले बुलंद होते जा रहे है। जिसका परिणाम आमलोगों की जिन्दगी को खतरा उतपन्न होता जा रहा है। अतः नपा प्रशासन से मांग की जाती है कि पुनः हाका गैग का गठन कर सड़कों से आवारा पशुओं को हटवाया जावे नही तो किसी दिन किसी की जान के दुश्मन बन सकते है।

## कृषि संबंधी जानकारियों के अभाव में शासन की योजनाओं का लाभ लेने से वंचित हो जाते हैं कृषक

हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।



जहां एक ओर प्रदेश से लेकर केन्द्र सरकार द्वारा किसानों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए अनेक किसान हितैषी योजनाएं चलाते हुए उनका भला किया जा रहा है। इस प्रकार से प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही किसान हितैषी योजनाओं के चलते क्षेत्र के किसानों को हर्ष होता है कि उनका मुखिया शिवराज सिंह चौहान हैं, मगर वही दूसरी ओर देखा जावे तो कृषि विभाग उनकी विश्वसनीयता को कम कर देते हैं, क्योंकि इस विभाग में पदस्थ अधिकारियों की उदासीनता के चलते जहां किसानों को सरकार द्वारा चलाई जा रही अनेक योजनाओं की समय पर जानकारी नही मिल पाने के कारण वह इन योजनाओं का लाभ नही उठा पाते है, वही मिल रही जानकारियों के अनुसार क्षेत्र के अनेक ग्रामों में पदस्थ ग्राम सेवको की स्थिति इस प्रकार से रहती है कि वह ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण करने की बात तो दूर उनके क्षेत्र में किसानों को दर्शन तक नही होते है जिसको लेकर यह बात कही जावे कि किसान उन्हें पहचानते तक नहीं हैं, किसानों का कहना है कि आखिर हमें जानकारी देने का जिम्मा किसके हाथ में है, आखिर क्यों नहीं आते कृषि विभाग में पदस्थ अधिकारी उनके गांवों में क्यों सरकार द्वारा उन्हें सिर्फ अपने आफिसों में बैठने के नाम पर ही तान्खाहा दे रही है? क्यों नहीं करते जनसंपर्क, कौन देगा हमें जानकारी, कैंसे मिलेगा शासकीय योजनाओं का लाभ, यह सवाल सभी किसानों को परेशान किए हुए हैं? क्योंकि अधिकांश ग्राम सेवको का कार्यालय शहरों में है जहाँ उन्हें खोजना एक कठिन कार्य होता है, गाँव में उन्हें कभी देखा ही नहीं? म.प्र. कृषि विभाग ने टोल फ्री नंबर उपलब्ध कराया है जहाँ बैठे वैज्ञानिक हमारे यहाँ के वातावरण से अंजान हैं और इसीलिए वो सही उपचार नहीं बता पाते और किसान उनके बताए अनुसार उपचार तो करता है लेकिन उससे कोई फायदा नहीं होता, जिले के कृषि विभाग से माँग की गई है कि ग्राम में ग्राम सेवक को ग्राम का दौरा करने के निर्देश दें जिससे किसानों को अपनी समस्या से निदान मिल सके।

# कलेक्टर नेहा मारव्या की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों के संबंध में बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी



कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्टर सभाकक्ष मे 15 अगस्त 2025 की तैयारियों को लेकर जिला अधिकारियों की बैठक संपन्न। जिसमें संबंधित अधिकारियों को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल आयोजन हेतु अलग-अलग दायित्व सौंपे गए।

जिले के समस्त शासकीय कार्यालय, विद्यालय, ग्राम पंचायत, शैक्षणिक संस्थाओं एवं अन्य में प्रकाश की व्यवस्था दिनांक 14 एंव 15 अगस्त 2025 को सभी कार्यालय प्रमुख अपने-अपने कार्यालय भवन में कार्यालयीन व्यय पर विद्युत रोशनी करने की व्यवस्था करेंगें।

## ध्वजारोहण

सभी शासकीय कार्यालयों में प्रातः 8:00 बजे के पूर्व कार्यालय प्रमुख अपने विभाग के अधिकारी/ कर्मचारियों की उपस्थिति में झंडा फहराया जाएगा तथा इस अवसर पर राष्ट्रीय गान गाया जाएगा। जिला स्तर पर कलेक्टर संयुक्त भवन कार्यालय (प्रांगण) में कलेक्टर द्वारा प्रात 8:00बजे ध्वजारोहरण कर सलामी दी जायेगी एवं राष्ट्रगान का गायन किया जाएगा। जिला पंचायत कार्यालय में जिला पंचायत अध्यक्ष झंडा फहराएंगे परन्तु इनकी अनुपस्थिति में प्रशासनिक समिति के प्रधान द्वारा औपचारिक रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा तथा कार्यक्रम में राष्ट्रीय गान गाया जाएगा। जनपद पंचायत कार्यालय में जनपद पंचायत अध्यक्ष/प्रशासनिक समिति के प्रधान द्वारा औपचारिक रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा तथा कार्यक्रम में राष्ट्रीय गान गाया जाएगा। पंचायत कार्यालय में सरपंच/प्रशासनिक समिति के प्रधान द्वारा औपचारिक रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा तथा कार्यक्रम में राष्ट्रीय गान गाया जाएगा। ऐसे जिला पंचायत/जनपद पंचायत/ग्राम पंचायत जहाँ निर्वाचित अध्यक्ष/प्रशासनिक समिति के प्रधान उपलब्ध नहीं होने की दशा में कार्यालय प्रमुख द्वारा ध्वजारोहरण किया जाएगा। नगर परिषद कार्यालय में अध्यक्ष द्वारा औपचारिक रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा तथा कार्यक्रम में राष्ट्रीय गान गाया जाएगा।

प्रभात फेरी की जिम्मेदारी सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग एवं जिला शिक्षा अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कि स्कूल विद्यालय से अपना अपना दल लेकर मुख्य कार्यक्रम समारोह तक प्रभात फेरी का आयोजन होगा। और वापस अपने विद्यालय में समापन होगा। 15 अगस्त 2025 को प्रातः स्कूली बच्चों की प्रभातफेरी का आयोजन किया जावेगा। मुख्य समारोह स्थल पर ध्वजारोहण कार्यक्रम मुख्य समारोह स्थल पुलिस ग्राउण्ड डिण्डौरी में ध्वजारोहण प्रातः 9:00 बजे से प्रारम्भ होगा।

## मुख्य समारोह स्थल की व्यवस्था

आमंत्रण पत्र छपवाना एवं वितरण कराने की जिम्मेदारी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डिण्डौरी, तहसीलदार डिण्डौरी एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी की होगी। आमंत्रण कार्ड का नमूना कलेक्टर से दिनांक 10.08.2025 तक अनुमोदित करायेंगे एवं समय पर वितरण करावेंगे। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, करगिल में शहीद हुए सैनिकों के परिवारों एवं जिले के लोकतंत्र सेनानियों को सम्मान पूर्वक आमंत्रित किया जाए एवं वृद्ध सेनानियों को घर जाकर शाल श्रीफल से सम्मानित करेंगे साल एवं श्रीफल की व्यवस्था करेंगे।

## समारोह स्थल के ग्राउण्ड की तैयारी पण्डाल एवं मांईक आदि की व्यवस्था

समारोह स्थल के मैदान की तैयारी पुलिस रक्षित निरीक्षक के समन्वय कर कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग डिण्डौरी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद डिण्डौरी द्वारा की जावेगी। वे कार्यक्रम स्थल पर बेरीकेटिगं करायेंगें। पण्डाल, माईक, शामियाना, साज-सज्जा, सामाग्री एवं जनरेटर की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। लोक निर्माण विभाग का रोलर दिनांक 10.08.2025 तक रक्षित निरीक्षक पुलिस को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगें। इस व्यवस्था को अंतिम रूप देने का दायित्व अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डिण्डौरी, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) डिण्डौरी एवं रक्षित निरीक्षक डिण्डौरी का होगा। गमले, फूल, मालाओं, की व्यवस्था सहायक संचालक उघान विभाग डिण्डौरी की होगी।

## मैदान मे बेरीकेंटिग हेतु बांस बल्ली का प्रदाय की व्यवस्था

वन विभाग (सामान्य वनमण्डल) डिण्डौरी द्वारा दिनांक 11.08.2025 तक किया जावेगा। झण्डे के लिए पाईप की व्यवस्था कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी डिण्डौरी द्वारा की जावेगी। खुली जिप्सी की व्यवस्थ रक्षित निरीक्षक पुलिस डिण्डौरी के द्वारा खुली जिप्सी की व्यवस्था आवश्यक सुधार कराया जाकर की जावेगी। पाईप की व्यवस्था, झण्डे हेतु पाईप व्यवस्था कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा की जावेगी।

## समारोह में आमंत्रित

राष्ट्रपति पुस्कार प्राप्त परिवार के सदस्यों, गणमान्य नागरिकों, पत्रकारों, महिलाओं के बैठने की समुचित व्यवस्था का दायित्व तहसीलदार डिण्डौरी तथा मुख्य नगर परिषद अधिकारी डिण्डौरी को सौंपी गई है।

परेड समारोह स्थल पर एस.ए.एफ./ जिला पुलिस बल/ होमगार्ड / एनसीसी/कोटवार/शोर्यादल की परेड होगी। उक्त व्यवस्था रक्षित निरीक्षक डिण्डौरी की देख रेख में सम्पन्न होगी। दिनांक 08.08.2025 से रिहर्सल दोनों टाईम करेंगे। अंतिम रूप से चयनित दलों द्वारा दिनांक 13.08.2025 को पुलिस लाईन ग्राउंड मे प्रदर्शन किया जावेगा।

सांस्कृतिक कार्यक्रम की जिम्मेदारी सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग, डी.पी.सी., अनु.वि.अ. (रा.) डिण्डौरी, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की होगी। 15 अगस्त 2025 को विद्यालयीन छात्रों के सांस्कृतिक कार्यक्रम समारोह स्थल पर आयोजित किये जावेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के निर्णायक मंडल में सुश्री अभिलाषा चौरसिया सहायक संचालक कृषि विभाग डिण्डौरी, श्री अमर कृष्ण दीक्षित, संगीत शिक्षक केन्द्रीय विद्यालय डिण्डौरी, श्रीमती आभा बोरकर, संगीत शिक्षक नवोदय विद्यालय डिण्डौरी होंगे। कार्यक्रम स्थल पर प्राथमिक चिकित्सा की आवश्यक व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जावे।

## पुरस्कार एवं शील्ड वितरण

परेड हेतु एस.ए.एफ./ जिला पुलिस बल / होमगार्ड/ एनसीसी/ कोटवार / शौर्या दल की परेड के लिये विजेता- उपविजेता दलों को शील्ड/ प्रशस्ति पत्र प्रदान की जावेंगी एवं 10वी 12वी में उत्कृष्ट अंक पाने वाले छात्र/छात्राओं को शील्ड स्कूलों के माध्यम से प्रदान की जावेगी। समारोह में वितरण किये जाने वाले प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड की व्यवस्था सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग डिण्डौरी द्वारा कलेक्टर के पूर्वानुमोदन से प्रशस्तिपत्र तैयार कराया जायेगा। निर्णायक पेनल में अपर कलेक्टर डिण्डौरी, उप पुलिस अधीक्षक तथा अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डिण्डौरी होगें।

## ध्वजारोहण कार्यक्रम

मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण प्रातः 9:00 बजे किया जावेगा। खुली जिप्सी की व्यवस्था पुलिस विभाग डिण्डौरी द्वारा की जावेगी। ध्वजारोहण के समय हवा मे गुब्बारें छोडे जावेंगे। गुब्बारे की व्यवस्था जिला आबकारी अधिकारी डिण्डौरी द्वारा की जावेगी।

## वृक्षारोपण की जिम्मेदारी

कार्यक्रम के तुरंत बाद कलेक्टर कैंपस में छायादार सुन्दर एवं पर्यावरण को बढावा देने वाले पौधों का वृक्षारोपण वन मण्डल (सामान्य) सहायक संचालक उद्यानिकी विभाग एवं लोक निर्माण विभाग के सौजन्य से किया जावेगा। एस.डी.ओ. वन विभाग हेड क्वाटर डिण्डौरी में पौधे लगाने हेतु गढढों की खुदाई व पौधे लगवाने की व्यवस्था बैठक में दिये गये निर्देशानुसार करेंगे। पौधौ की सुरक्षा के लिए वन मण्डलाधिकारी सामान्य वनमण्डल डिण्डौरी उपसंचालक उद्यानिकी जाली के ट्री गार्ड की व्यवस्था करेंगें व उन्हें उचित रूप से स्थापित करावेंगे।

## पेयजल व्यवस्था कार्यपालन यंत्री पी.एच.ई.

मुख्य समारोह स्थल पर नगर पंचायत डिण्डौरी द्वारा स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जावेगी। कार्यक्रम स्थल में विशिष्ट एवं आम जनों के लिए अलग-अलग व्यवस्था की जाये। पेयजल हेतु टैंकर के पास टेबिल, जग एवं गिलासों की भी पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी एवं दो कर्मचारियों की ड्यूटी भी इस हेतु नगर परिषद द्वारा लगाई जाएगी। एक सप्ताह पूर्व से नगर परिषद डिण्डौरी द्वारा पूरे नगर में साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जावेगी। वी.ई.पी. गैलरी में पानी की व्यवस्था कार्यपालन यंत्री पी.एच.ई. डिण्डौरी द्वारा की जाएगी।

## मिष्ठान व्यवस्था

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य मे मिष्ठान वितरित किये जाने की व्यवस्था जिला आबकारी अधिकारी, खाद्य एवं खनिज विभाग द्वारा की जाएगी।

## शैक्षणिक संस्थाओं

शैक्षणिक संस्थाओं के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अच्छे कार्य करने वालों को प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया जाएगा।परीक्षाओं के अच्छे परिणाम लाने वाले बच्चों एवं शिक्षकों को प्रोत्साहन स्वरूप संबंधित प्राचार्यों के माध्यम से पुरस्कृत किया जावेगा। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## विभाग प्रमुख

विभाग / संस्था प्रमुख अधिकारी / कर्मचारियों का उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशंसा प्रमाण-पत्र प्रदान किये जाने हेतु सूची सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग डिण्डौरी को दिनांक 10.08.2025 तक उपलब्ध कराएंगे नियत तिथि के बाद आने वाली नाम / सूची अमान्य होगी। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सूची एकत्रित कर अपर कलेक्टर को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। 15 अगस्त 2025 स्वतंत्रता दिवस का क्रियांन्यवन हेतु कार्यवाही अपर कलेक्टर को नोडल अधिकारी बनाया गया है जिस बिन्दु पर कोई भी चर्चा आदि करना हो तो, नोडल अधिकारी से चर्चा कर सकते है।

अंत में सभी अधिकारियों को सौंपे गये दायित्वों को उत्कृष्ट प्रदर्शन तथा परिणामों के साथ सम्पन्न करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम स्थल पर लाईव टेलीकाष्ट हेतु एलईडी की व्यवस्था मुख्य नगरपालिका अधिकारी डिण्डौरी द्वारा की जायेगी। प्रसारण की व्यवस्था डीआईयू एवं प्रबंधक ई-गर्वेनेंश डिण्डौरी द्वारा की जायेगी। मुख्य अतिथि के पगडी की व्यवस्था सहायक आयुक्त डिण्डौरी द्वारा की जावेगी।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अनिल कुमार राठौर, डिप्टी कलेक्टर श्री वैधनाथ वासनिक, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सुश्री भारती मेरावी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अमित वर्मा, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग राजेन्द्र कुमार जाटव, एसडीओ वन विभाग सुरेन्द्र जाटव,, आरआई रक्षित निरीक्षक केन्द्र पुलिस कुंवर सिंह, पशु पालन विभाग श्री एचपी शुक्ला, महाप्रबंधक उद्योग राधा कुशरे, सुश्री नेहा धूरिया, जनसंपर्क अधिकारी चेतराम अहिरवार सहित अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### अमरकंटक के रामघाट में हटाया गया अतिक्रमण

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** नगर परिषद अमरकंटक द्वारा 8 अगस्त को वार्ड क्रमांक 10, रामघाट क्षेत्र में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क के किनारे अवैध रूप से लगाए गए ठेले, फड़, तथा अस्थायी दुकानों को हटाकर सार्वजनिक मार्ग को अतिक्रमण मुक्त किया गया। यह कार्रवाई मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री चैन सिंह परस्ते के नेतृत्व में, अतिक्रमण प्रभारी एवं स्थानीय पुलिस बल की उपस्थिति में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। सुबह 11 बजे प्रारंभ हुई यह कार्रवाई लगभग दो घंटे तक चली, जिसमें क्षेत्र को व्यवस्थित और यातायात योग्य बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री परस्ते ने बताया कि आम नागरिकों की सुविधा, आपातकालीन सेवाओं के निर्बाध संचालन और नगर की सुंदरता बनाए रखने हेतु यह अभियान आवश्यक था। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में ऐसे अतिक्रमणों पर और अधिक कठोरता से कार्रवाई की जाएगी। नगर परिषद ने स्थानीय व्यवसायियों और नागरिकों से अपील की है कि वे सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण से परहेज करें और नगर की स्वच्छता एवं सुव्यवस्था में सहयोग दें।

### दुर्गा वाहिनी ने थाना प्रभारी एवं स्टाफ को राखी बांधकर मनाया रक्षाबंधन

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी की कार्यकर्ताओं ने अनूपपुर कोतवाली थाना पहुंच एडीपीओपी सहित, थाना प्रभारी, सब इंस्पेक्टर, हवलदार सहित सभी पुलिस कर्मियों को राखी बांधकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने बताया कि पुलिस त्योहारों में सुरक्षा व्यवस्था में जुटी रहती है, जिसके कारण वे अपनी बहनों से राखी बंधवाने नहीं जा पाते। ऐसे में दुर्गा वाहिनी की बहनों ने उनकी बहन बनकर यह परंपरा निभाई। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष कविता मिश्रा, सीता राठौड़, राम भाई राठौड़ सहित दुर्गा वाहिनी की अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

### इंस्ट्राग्राम में फोटो डालकर बदनाम करने का आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज चचाई।** 6 अगस्त को आवेदिका (परिवर्तित नाम) के व्दारा थाना चचाई में इस आशय का शिकायत आवेदन पत्र दिया गया कि किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा सोशल मीडिया इंस्ट्राग्राम में फर्जी आईडी बनाकर प्रायवेट फोटो कट कापी कर अश्लील फोटो बनाकर इंस्ट्राग्राम सोशल मीडिया में बदनाम करने के ईरादा से वायरल किया गया है जिससे आवेदिका का इज्जत खराब हुआ है तथा समाज में बदनामी हुई है। आवेदिका की शिकायत आवेदन पत्र की जांच की गई एवं अज्ञात व्यक्ति के व्दारा पीड़िता के अश्लील फोटो वायरल किये जाने संबंधी की जानकारी सायबर सेल अनूपपुर से प्राप्त की जाकर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध थाना चचाई में अप० क्र० 200/25 धारा 79 बीएनएस एवं 66डी, 67ए, 67 आई टी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना की गई। दौरान विवेचना सायबर सेल से प्राप्त जानकारी के आधार पर इंस्ट्राग्राम में फर्जी आई डी बनाकर पीड़िता की अश्लील फोटो वायरत करने वाले व्यक्ति के इंस्ट्राग्राम आई डी में लागिन मोबा० नं० का पता लगाकर मोबाईल धारक आरोपी श्याम लाल प्रजापति पिता स्व० सुखदेव प्रजापति उम्र 40 वर्ष एवं उसके साथी अशोक प्रजापति पिता रामा प्रजापति उम्र 20 साल दोनों नि० ग्राम बकही थाना चचाई जिला अनूपपुर को दस्तयाब कर आरोपी श्यामलाल से मोबाइल जप्त कर उक्त प्रकरण में आरोपियो को गिरफ्तार कर आई टी एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी चचाई सुंद्रेश सिंह, सउनि० महिपाल प्रजापति, प्र.आर. राजेंद्र राठौड़ अशोक बर्मन, आर दीपक मंडलोई एवं सायबर सेल प्रधान आरक्षक राजेंद्र, पंकज मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# शहपुरा में पावर हाउस के सामने तवेरा वाहन ने गाय और बछड़े को मारी जोरदार टक्कर, दोनों की मौके पर मौत

शहपुरा



शहपुरा नगर में पावर हाउस के सामने देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक अज्ञात टवेरा वाहन ने सड़क पर घूम रही गाय और उसके बछड़े को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वाहन की रफ्तार काफी तेज थी और टक्कर के बाद चालक बिना रुके घटना स्थल से निकल गया। इस घटना से स्थानीय लोगों में आक्रोश है। गौरतलब है कि नगर परिषद और प्रशासन द्वारा पशु मालिकों को बार-बार चेतावनी दी जा रही है कि अपने मवेशियों को सड़क पर न छोड़ें और उनकी देखरेख करें, लेकिन इसके बावजूद इस तरह की घटनाएं लगातार हो रही हैं। सवाल यह उठता है कि आखिर इन हादसों की जिम्मेदारी किसकी है — लापरवाह पशु मालिकों की, तेज रफ्तार वाहनों की या प्रशासन की उदासीनता की?

# महाविद्यालय अमरपुर में हर घर तिंरगा हर घर स्वच्छता थीम पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

अमरपुर



मध्य प्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेश के परिपालन में 8 अगस्त को शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन में राष्टीय सेवा योजना (एनएसएस) प्रभारी डॉ. सीमा डावर के मार्गदर्शन में महाविद्यालय में हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता थीम पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें महाविद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा रंगोली, पोस्टर, राखी बनाना, स्वच्छता कार्यक्रम, मानव श्रृंखला निर्माण कर हर घर तिरंगा के लिए प्रोत्साहित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्टाफ डॉ. सीमा डावर, डॉ. सुनील कुमार काकोड़िया, सुश्री हुस्नारा अंसारी, डॉ. कंचन ताम्रकार, डॉ. दीपक कुमार सिंगरौल, डॉ. निगहत, अफशा खान, डॉ. प्रियंका दहिया, डॉ. अनिल कुशराम, डॉ. स्वर्णिम पटेल, डॉ. पुष्पेन्द्र तिवारी, कैलाश लखेरा, दीपचंद गुप्ता, ओमकार वाटिया, कमलेश वास्पे एवं एनएसएस स्वयं सेवक और महाविद्यालय के अन्य स्टाफ सहित छात्र, छात्राएं उपस्थित रहे।

# रक्षाबन्धन पर्व पर साइकिल पाकर बच्चों के चहरे खिले



**डिंडौरी।** शासन की निःशुल्क साइकिल वितरण योजना अंतगत एकीकृत माध्यमिक शाला मुड़की में 26 विद्यार्थियों को साईकिल वितरण किया गया। गौरतलब है कि निःशुल्क साइकिल वितरण योजना में कक्षा 6 वी एवं 9वी में नव प्रवेशित विद्यार्थियों को घर से विद्यालय दूरी 3 km से अधिक होने पर पात्रता अनुसार साइकिल प्रदान की जाती है। एकीकृत माध्यमिक विद्यालय मुड़की में डाँड़विदपुर मुड़की सरपंच श्रीमती सरिता पूसाम एवं पालक शिक्षक संघ अध्यक्ष देव सिंह मरकाम की उपस्थिति में साइकिल वितरण किया गया। सरपंच श्रीमती सरिता पूसाम ने उपस्थित बच्चों को प्रतिदिन स्कूल आने एवं मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के हेड मास्टर मनेन्द्र सिंह उद्दे , टी आर सिंगोर , श्रीमती समिया बनवासी , जितेन्द्र दीक्षित मुकेश कुमार उइके उपस्थित रहे।

## चाकू की नोंक पर अवैध वसूली के तीन आरोपी पुलिस की गिरफ्त में



**अमरपुर।** पुलिस चौकी अमरपुर क्षेत्रांतर्गत फरियादी केशु मरकाम/ पहल सिंह उम्र 23 वर्ष जोकि अपनी मोटर सायकल द्वारा 5 अगस्त को रात्रि 11 बजे कचनारी से अपने गांव बांका टोला रामगढ़ आ रहा था। तभी अमरपुर स्थित पेट्रोल पंप से उसके पीछे एक बाइक चल रही थी। जब केशु रामगढ़ के नजदीक सुनसान जगह में पहुंचा तब पीछे चल रहे बाइक सवार आगे बढ़कर रोका और अवैध पैसों की मांग करने लगे नहीं देने पर मारपीट एवं जान से मारने की धमकी दे रहे थे। तभी आरोपी सुमित यादव ने चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी देने लगा। जिसकी रिपोर्ट फरियादी केशु द्वारा दूसरे दिन 6 अगस्त को पुलिस चौकी अमरपुर में की गई। सूचना पर पुलिस अधीक्षक वाहिनी सिंह के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अमित वर्मा एसडीओपी बजाग, थाना प्रभारी एच एस तिवारी के मार्गदर्शन में अपराध क्रं. 293/ 2025 धारा 296, 126(1), 119(1), 115(2), 351(3), 3(5) भा.न्या. से. के तहत पंजीबद्ध कर आरोपी सुमित यादव/ मुकेश, पुष्पेंद्र/ ठाकुर सिंह करचाम एवं धनेश/ गोविंद बनवासी तीनों आरोपियों को पुलिस दूसरे ही दिन गिरफ्तार किए। साथ ही उपयुक्त बाइक क्रं. एमपी 52 एम.डी 7724 भी जप्त किया गया हैं। जिसमें चौकी प्रभारी अतुल हरदहा, रामरतन झरिया सहायक उपनिरीक्षक, प्रधान आरक्षक राघवेंद्र सिंह, प्रधान आरक्षक गंगा राम यादव, आरक्षक अजीत धुर्वे आदि की मुख्य भूमिका रही।

# डीव्हीएम स्कूल में आयोजित हुई राखी मेकिंग प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूजअनूपपुर।

8 अगस्त को अमलाई में राखी मेकिंग गतिविधि का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के बच्चों द्वारा मनमोहक, सुन्दर राखियों को बनाया गया। विद्यालय के बच्चों द्वारा अपनी प्रतिभा को उजागर करते हुये अपने हाथों से राखी बनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डीके सिंह द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। प्राचार्य द्वारा बच्चों को बताया बताया गया कि रक्षाबंधन पर्व क्यों मनाया जाता है। रक्षाबंधन पर्व शांति, सद्भाव, एकता को दर्शाता है तथा जाति, धर्म, भेदभाव को समाप्त करता है तथा भाई-बहिन के रिश्ते की शक्ति को दर्शाता है। यह त्योहार प्रतिवर्ष श्रावण मास (सावन माह) की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। इस पर्व की महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि यह पर्व हमें महाभारत काल से भी जोड़ता है, जब भगवान श्री कृष्ण की अंगुली में चोर लग गई थी तब द्रौपदी ने अपने आँचल को फाड़कर उनकी अंगुली पर बाँधा था। गतिविधि के प्रभारी श्रीमती रूपाली जैन व श्रीमती प्रिया शर्मा द्वारा कच्चों को प्रेरित करते हुये उनकी गतिविधि को अपने संरक्षण में सम्पन्न कराया। विद्यालप के अन्य शिसकों के सहयोग से गतिविधि में भाग लेने वाले सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुये मनोबल बढ़ाया गया।

# हर घर तिरंगा एवं हर घर स्वच्छता अभियान का हुआ शुभारंभ, 15 अगस्त तक जिलेभर में चलेंगे आयोजन

डिंडौरी



स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में जिले में हर घर तिरंगा एवं हर घर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया है। अभियान 2 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक जिले के विकासखंड, नगर परिषद एवं ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित किए जाएंगे।

शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैली, साइकिल रैली, तिरंगा अभियान, सफाई अभियान, तिरंगा कैनवास, तिरंगा सैल्फी तथा अन्य जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएं। साथ ही सभी विभाग कार्यक्रमों की फोटो एवं वीडियोग्राफी कराकर शासन को प्रेषित की जाए।आयोजनों के सफल संचालन हेतु जिला पंचायत, नगर परिषद एवं ग्राम पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी सक्रिय भूमिका निभाएं। प्रत्येक वार्ड एवं ग्राम में स्वच्छता अभियान के साथ-साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराने एवं सजावट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। अभियान की निगरानी एवं समन्वय के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत डिंडौरी नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी के साथ शहरी क्षेत्र के लिए नगर परिषद अधिकारी डिंडौरी/शहपुरा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।कलेक्टर ने कहा कि "हर घर तिरंगा" और "हर घर स्वच्छता" अभियान न केवल देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता को भी बढावा मिलेगा।

## खाद्य सुरक्षा विभाग सक्रियः लिए मिठाई-मावे के सैंपल

# रक्षाबंधन का पर्व आजः राखी बांधने के लिए रहेंगे दो शुभ मुहूर्त

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** रक्षाबंधन भाई-बहन के अटूट प्रेम, सम्मान, रक्षा और पवित्र बंधन का त्योहार है, जिसे हर साल सावन पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। इस दिन बहन अपने भाई की कलाई पर राखी बांधकर उसकी लंबी आयु, सफलता और स्वस्थ जीवन की कामना करती है। भाई भी बहन को जीवनभर उसकी रक्षा करने का वचन देता है। इस साल यह पर्व शनिवार 9 अगस्त 2025 को है. रक्षाबंधन के दिन राखी बांधते समय कई बातों का ध्यान रखना जरूरी है, जिसमें सबसे जरूरी है मुहूर्त. इस दिन शुभ मुहूर्त में ही राखी बांधनी चाहिए। राखी का त्योहार भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास को दर्शाता है, जोकि सदियों से मनाई जा रह है। इस दिन बहन भाई को तिलक करती है, उसकी आरती उतारती है, मिठाई खिलाती है और कलाई पर राखी बांधती है।भाई भी बहन को कुछ उपहार देता है। राखी बंधवाते समय भाई के हाथ में नारियल रखने की परंपरा है, जिसे शुभ माना जाता है। मान्यता है कि हाथ में नारियल रखने से भाई का हाथ कभी खाली नहीं रहता। अगर नारियल न हो तो फल या मिठाई भी हाथ में रखकर राखी बंधवा सकते हैं। लेकिन भाई को खाली हाथ राखी नहीं बंधवानी चाहिए। राखी का त्योहार भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास को दर्शाता है, जोकि सदियों से मनाई जा रह है। इस दिन बहन भाई को तिलक करती है, उसकी आरती उतारती है, मिठाई खिलाती है और कलाई पर राखी बांधती है। भाई भी बहन को कुछ उपहार देता है और जीवनभर उसकी सुरक्षा का वचन देता है।

### 297 साल बाद रक्षाबंधन पर 6 ग्रहों का योग

रक्षाबंधन पर 297 साल बाद ग्रहों का दुर्लभ संयोग बन रहा है। इस दिन सूर्य कर्क राशि में, चंद्रमा मकर राशि में, मंगल कन्या राशि में, बुध कर्क राशि और शुक्र मिथुन राशि, राहु कुंभ राशि में और केतु सिंह राशि में रहेंगे। बताया जा रहा है कि इससे पहले ऐसा संयोग साल 1728 में बना थी। उस समय रक्षाबंधन पर भद्रा नहीं था और ग्रहों की स्थिति ठीक ऐसी ही थी। इस साल रक्षाबंधन पर भद्राकाल नहीं रहेगा और आप सुबह से लेकर शाम तक भाई की कलाई पर राखी बांध सकती हैं. यानी इस साल रक्षाबंधन का दिन भद्रामुक्त रहने वाला है। ज्योतिषियों की माने तो ऐसा 40 साल बाद होगा,





जब रक्षाबंधन के दिन बिना किसी दोष या अशुभ योग में राखी बांधने के लिए पूरे दिन शुभ समय रहेगा।

### राखी की खरीदारी को लेकर बाजारों में बढ़ी चहल पहल

रक्षाबंधन से एक दिन पहले राखी की खरीदारी जोरों पर है। बहनें नवीनतम डिजाइन की राखियों की खरीदारी कर रही हैं। महंगे राखियों की भी बिक्री बढ़ रही है, और कई डिजाइन खत्म हो चुके हैं। ऐसे में शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक जमकर राखी की खरीदारी हो रही है। बहनें अपने-अपने भाईयों के कलाईयों पार राखी बांधने को लेकर लेटेस्ट वेराइटी के राखी की जमकर खरीदारी कर रहे हैं। आलम यह है कि मंहगे से मंहगी राखियों की खरीदारी की जा रही है। शहर के बाहरी रोड, स्टेशन रोड, कंदेली,पुराने नरसिंहपुर पर सजे स्थायी व अस्थायी राखी के दुकानों पर काफी संख्या में खरीदारों की भीड़ थी। इधर राखी कारोबारी ने बताया कि इस बार भी अच्छी खासी बिक्री हो रही है।

### खाद्य सुरक्षा विभाग सक्रियः लिए मिठाई-मावे के सैंपल,

राखी पर्व नजदीक आते ही जिले का खाद्य सुरक्षा विभाग सक्रिय हो गया है। त्यौहार के दौरान खाद्य पदार्थों की शुद्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को नरसिंहपुर क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने कार्रवाई करते हुए कई मिष्ठान्न भंडारों की जांच की। जिला मुख्यालय खाद्य सुरक्षा अधिकारी सारिका दुबे के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में मिल्क केक, मावा, बर्फी और बेसन लड्डू सहित अन्य मिठाइयों के नमूने लिए गए। कार्रवाई के दौरान मोहम्मद नदीम खान से मावा, जोधपुर मिष्ठान भंडार स्वीट्स से मावा और बीकानेर मिष्ठान भंडार से मावा तथा रामकहो नेमा होटल से मिठाइयों व खोबा के नमूने लिए गए। इसके अलावा खाद्य व्यवसायियों को साफ-सफाई बनाए रखने और खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश भी दिए गए। सारिका दुबे ने बताया कि त्योहारों के मद्देनजर इस तरह की सतत निगरानी और कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी ताकि आम नागरिकों को मिलावट रहित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जा सके।

## हर घर तिरंगा एवं विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की तैयारी को लेकर को लेकरदकी बैठक हुई



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

हर घर तिरंगा एवं विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की तैयारी को लेकर को लेकर युवा मोर्चा,महिला मोर्चा की बैठक हुई। बैठक के प्रारंभ में महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। भाजपा जिलाध्यक्ष पं.रामस्नेही पाठक ने कहा कि इस तिरंगा यात्रा अभियान के माध्यम से आप सभी माँ भारती की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले महान राष्ट्र भक्तों के बलिदान को नमन, करें तथा साथ ही अपने-अपने घरों व प्रतिष्ठानों पर झंडा फहरा कर माँ भारती को गौरवान्वित करने में अपनी सहभागिता अवश्य करेंगे। आप सभी युवा जन, मातृ शक्ति इन अभियानों में सहभागी बने। कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि 10 से 13 अगस्त तक मंडल स्तर पर भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। 12 से 14 अगस्त के बीच ऐतिहासिक स्थलों, युद्ध स्मारकों और स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्थानों पर स्वच्छता अभियान और पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस पर भी कार्यक्रम का आयोजन होगा। बैठक में महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष इंजी.निशा सोनी ने कहा कि महिला मोर्चा हर अभियान की कार्ययोजना बनाते हुए मातृशक्ति को जोड़कर अभियान में सक्रिय भूमिका का निर्वहन करेगी।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष प्रियांक जैन ने कहा कि युवा मोर्चा शीर्ष नेतृत्व के मार्गदर्शन में मिलने वाली प्रत्येक जिम्मेदारी को पूरा करते हुए हर मंडल में होने वाले कार्यक्रम में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेगा।

# स्वस्थ्य रहने की कारगर दवा है योग



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** योग सभी बीमारियों का उपचार है। करें योग रहें निरोग। उक्ताशय के विचार वरिष्ठ योगाचार्य 83 बर्षीय एन सी जैन ने गायत्री मंदिर में आयोजित योग कार्यक्रम में व्यक्त किये। उन्होंने अनुलोम विलोम भस्त्रिका भ्रामरी ऊं नाद कपालभाती सहित प्राणायाम और आसानों से होने बाले लाभों के बारे में विस्तृत से जानकारी दी। कवि अशोक त्रिपाठी ने नियमित योग की प्रेरणा देते हुए अपने विचार यूं रखे.हो दर्द कितना भी बड़ा घट जायेगा,जब कल कटातो आज भी कट जायेगा। आओ जलाएं दीप मिलकर योग के, है अंधेरा बहुत पर छट जायेगा। विदित हो की योगाचार्य एन सी जैन जे के पटेल और गायत्री परिवार के सौजन्य से विगत दो दशक से प्रातः कालीन सत्र में नियमित योग कक्षा का संचालन हो रहा है। कार्यक्रम में बी एस पटेल एल डी दुबे एड सुधीर दुबे नीरज शर्मा गणेश कुमार चतुर्वेदी विजय जैन सुधीर जैन वीरेंद्र राव राजेश जाट राम कुमार जाट जे के पटेल शिवप्रसाद साहू भोपत साहू शरद साहू श्रीकांत नामदेव आर के पटवा मोती श्रीवास्तव मनोहर कश्यप गुरमुख माखीजा छत्रपाल कोरी आर के राय प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## देवेश वैध व्यायाम निर्देशक सांदीपनि विद्यालय का चयन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** चाईना में आयोजित होनी वाली 15 वर्ष से कम आयु वर्ग की वर्ल्ड स्कूल वालीवाल चैम्पियनशिप हेतु मध्यप्रदेश शालेय दल की चयन प्रक्रिया में सांदीपनि एस.डी.एम.शास.क.उ.मा.वि. नरसिंहपुर के व्यायाम निर्देशक देवेश वैध का चयन मध्यप्रदेश से हुआ हैं। संचालक लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा प्रेषित चयन सूची में निर्देशित किया गया है कि मध्य प्रदेश से 8-8 बालक-बालिकाओं की चयन प्रक्रिया शास.क.उ.मा.वि. नर्मदापुरम में की जानी है, और इन चयनित बालक-बालिकाओं को पुणे महाराष्ट्र लेकर जाना है। चयन प्रक्रिया में शामिल किए जाने पर जिला शिक्षा अधिकारी नरसिंहपुर संदीप नेमा, विद्यालय के प्राचार्य प्रभात कुमार मिश्रा, सुशील दीक्षित, योगेश गुप्ता, अभिनव लखेरा, दुर्गा प्रसाद धुर्वे, श्रीमती मीनाक्षी नेमा, श्रीमती माधुरी गर्ग, महबूब अहमद अंसारी और समस्त स्टॉफ तथा परिजनों ने हार्दिक शुभकामना और बधाई प्रेषित की।

## पुलिस ने तलाशे 22 लाख कीमत के 106 गुम मोबाईल



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मोबाईल धारकों के मोबाईल गुम होने के प्राप्त आवेदनों एवं सूचनाओं पर कार्यवाही करते हुये पुलिस साईबर सेल के अधिकारी एवं कर्मचारियों की विशेष टीम गठित की जाकर गुम मोबाईलों के तलाश एवं पतासाजी हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके परिणाम स्वरूप लगभग 22 लाख मूल्य के 106 गुम मोबाईल बरामद करने में सफलता प्राप्त की गयी है। उक्त मोबाईल को पुलिस अधीक्षक एवं अति. पुलिस अधीक्षक के द्वारा संबंधित मोबाईल धारकों को सौंपे गये हैं। पुलिस कंट्रोल रूम नरसिंहपुर साईबर फ्राड एवं अपराधों की जागरूकता के संबंध में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में प्र.आरक्षक देवेन्द्र सिंह, महिला आरक्षक, कुमुद पाठक, आरक्षक नीरज डेहरिया, हेमंत वाडिवा, आरक्षक भूपेन्द्र कवरेती एवं नितिन कुशवाहा द्वारा आमजनों को साईबर अपराधों के संबंध में जानकारी दी गयी।

### जनहित में अपील -

यदि किसी नागरिक का मोबाइल फोन गुम हो जाए तो वह सर्वप्रथम अपनी सिम को बंद कराए एवं नजदीकी थाना स्थित साइबर हेल्प डेस्क पर संपर्क करे। इसके साथ ही ब्म्प्ट पोर्टल पर शिकायत पंजीकृत कर गुम मोबाइल की ट्रैकिंग प्रक्रिया में सहयोग करे।

### पेंशन समाज स्वतंत्रता दिवस उत्साह के साथ मनायगा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** पेंशन समाज तहसील शाखा नरसिंहपुर एवं क्षेत्रीय वरिष्ठ नागरिक परिषद द्वारा स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त उत्साह के साथ मनाया जाएगा। पेंशन समाज तहसील शाखा नरसिंहपुर के अध्यक्ष अनिल राय ने बताया कि राष्ट्रीय पर्व 'स्वतंत्रता दिवस 15' अगस्त को गौरीशंकर गार्डन हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में कार्यक्रम होगा। श्री राय ने बताया कि कार्यक्रम को उत्साह से मनाने के लिए सभी के सुझाव और सहयोग लिया जा रहा है।

## जिला चिकित्सालय को मिले दो शव वाहन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा जिले को दो शव वाहन उपलब्ध कराए गए हैं। राज्य शासन से प्राप्त दोनों शव वाहनों को रामस्नेही पाठक, जिला अध्यक्ष भाजपा एवं कलेक्टर शीतला पटले द्वारा जिला चिकित्सालय में प्राप्त दोनों शव वाहनों की चाबी डॉ. एस.एस. ठाकुर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नरसिंहपुर, डॉ. राजकुमार चैधरी, सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय को सौंपी गई। उपरोक्त निःशुल्क शव वाहन सेवा प्राप्ति हेतु टोल फ्री नंबर- 6269907250, 6269906944 है। योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के सभी शासकीय अस्पतालों में रोगी

योजन के अंतर्गत शव वाहन द्वारा शासकीय अस्पताल से मृतक के निवास स्थल शमशान घाट तक निःशुल्क परिवहन किये जाने हेतु है। शव वाहन का संचालन केवल जिले की सीमा के अंदर किया जायेगा। निजी चिकित्सालयों, निवास स्थल एवं अन्यत्र किसी भी स्थान में हुई मृत्यु के प्रकरण में शव वाहन उपलब्ध कराये जाने की पात्रता नहीं होगी।

# हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता के उत्सव का आगाज

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय एवं जल शक्ति मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में 79 वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। । आज शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा में इसका शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में पूर्व जनपद सदस्य बृजभूषण बाजपाई, पूर्व सरपंच शंकर प्रजापति ,पत्रकार ज्ञानेश्वर नामदेव, अनिल गुप्ता , रामकुमार मुडिया एवं दशरथ कहार उपस्थिति रहे। इस दौरान विद्यार्थियों को तिरंगे एवं स्वतंत्रता के महत्व के साथ साथ स्वच्छता एवं सुजल की जानकारी दी गई। इस दौरान कार्यक्रम में स्वच्छ सुजल गांव की शपथ उच्च माध्यमिक शिक्षक तरूवर पटेल ने दिलाई। अंत में विद्यालय प्राचार्य शैलेन्द्र बक्शी ने कहा कि हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, यह सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि हर नागरिक के मन में राष्ट्रभक्ति की भावना को और मजबूत करने का प्रयास है। विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।



### शा.स्ना.महाविद्यालय में घर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान चलाया गया

**नरसिंहपुर।** शासन के निर्देश अनुसार हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता का संगष अभियान चलाया जा रहा है। इसके परिपालन में शुक्रवार को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर नरसिंहपुर में पत्रलेखन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन संस्था प्राचार्य डॉ. आर.बी. सिंह तथा आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. मनीष अग्रवाल के निर्देशन में किया गया। इसके अंतर्गत पत्रलेखन प्रतियोगिता में 16 विद्यार्थियों ने एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में 15 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। (साहिल) उक्त प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सचिन प्रजापति बीए द्वितीय वर्ष ने प्रथम स्थान, सहित मेहरा बीए द्वितीय वर्ष ने द्वितीय स्थान एवं दुर्गेश रजक बीए प्रथम, मनीषा चैधरी बीए प्रथम वर्ष ने सम्मिलित रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में एन.एस.एस. प्रभारी डॉ. रानी कुमारी, अमित ताम्रकार एवं डॉ. राकेश पटले का सहयोग रहा।

### गडरिया महासभा की बैठक संपन्न



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिनों तेंदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में अखिल भारतीय गडरिया महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोती श्रीपाल के साथ समाज के विधानसभा अध्यक्ष महेश पाली प्रदेश संगठन महामंत्री राजू पाली की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें गाडरवारा एवं तेंदूखेड़ा विधानसभा की कार्यकारिणी गठित की गई।साथ ही महिला मोर्चा तेंदूखेड़ा विधानसभा नगर समिति एवं ग्राम समिति अध्यक्ष भी बनाए गए । सभी नए निर्वाचक साथियों को शपथ दिलाई गई इस अवसर पर राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष गणेश पहलवान सहितअखिल भारतीय गडरिया महासभा के वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित रहे ।अनेक वक्ताओं ने संबोधित करते हुए नव नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए सामाजिक एकता कुरितियों को मिटाने युवाओं को सुशिक्षित किये जाने पर विस्तार से चर्चा की गई। महासभा के नरसिंगपुर जिला अध्यक्ष सुंदर लाल पाल ने आध्यात्म के मार्ग पर चलकर समाज की सेवा करने पर जोर दिया। प्रदेश अध्यक्ष संतोष पाल एवं संगठन महामंत्री राजू पाली ने गडरिया महासभा के मूल सिद्धांत विचारधाराओं को आत्मसात करने पर बल दिया।कार्यक्रम का संचालन डॉ राकेश पाली ने किया । वहीं समाज के माखन पाली हेमराज पाली कुंवर पाली गुलाब पाली सहित सभी स्वजातीय बंधुओं का विशेष सहयोग रहा।

### ऑपरेटर की मनमानी से मदनपुर के उपभोक्ता परेशान



**तेंदूखेड़ा।** इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र में विद्युत अव्यवस्था से लगभग हर उपभोक्ता परेशान बना हुआ है। वहीं ग्राम पंचायत मदनपुर में सब स्टेशन में बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान बनें हुए हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि यहां सब स्टेशन में पदस्थ आपरेटर कमरे का दरवाजा बंद कर स्वयं का कूलर चालू कर रात भर सोता रहता है। और पूरा गांव अंधेरे में उमस भरी गर्मी से परेशान बनें रहते हैं। उपभोक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। शिकायतों के बावजूद भी विभाग के द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मदनपुर निवासी राकेश अग्रवाल ने भारी बिजली कटौती पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि इतनी खराब बिजली कभी नहीं रही। लोग रातों को सो नहीं पा रहे हैं। इनवर्टर और चार्जिंग लाइट आदि जवाब दे रही है। मच्छरों के दंश से जीना हराम हो चुका है। बिजली कटौती से रात भर अंधेरा छाया रहता है। नींद पूरी ना होने से लोगों की तबीयत खराब हो रही है। बिजली के आने-जाने का कोई निश्चित समय नहीं है। अधिकारी कहते हैं कि शेड्यूल के अनुसार दी जा रही है शेड्यूल क्या है कब आ रही है जा रही है आम आदमी के समझ के बाहर है।

## राखी बांधकर बताया महत्वः ब्रह्नाकुमारीज सेवा केंद्रों में कार्यक्रम आयोजित

**तेंदूखेड़ा।** रक्षाबंधन पर्व की पूर्व संध्या सेवा केंद्रों पर रक्षाबंधन का त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास व आध्यात्मिक तरीके से मनाया गया।इस मौके पर प्रीति दीदी ने रक्षाबंधन का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि रक्षाबंधन एक मात्र ऐसा त्यौहार है जिसमें हर भाई बन्धना चाहता है और रक्षा का वचन देता है।

लेकिन वास्तविकता में देखा जाये तो जब तक बहन की शादी नही होती तब तक उसकी रक्षा की जिम्मेदारी पिता की होती और शादी के बाद पति की होती। पर यादगार भाई का है। क्योकि संसार मे भाई बहन का रिश्ता सबसे पवित्र माना जाता है। रक्षाबंधन विष तोड़क पर्व भी

प्राचीन काल में रक्षाबंधन को विष तोड़क पर्व के रूप में भी जाना जाता था । जिसका अर्थ है बुराइयां तोड़ने वाला त्यौहार यह हमें अपने भीतर की बुराइयों को त्यागने और सकारात्मकता को अपनाने का संकल्प लेने के





लिए प्रेरित करता है। रक्षाबंधन पर बहनें भाइयों को राखी बांधती हैं जो पवित्रता और सुरक्षा का प्रतीक है। यह त्यौहार हमें अपने विचारों शब्दों और कर्मों को शुद्ध करने और पवित्रता का संकल्प लेने के लिए प्रेरित करता है। जिसकी शुरुआत इंद्र और इंद्राणी से हुई थी। जब इंद्र अपना राज्य हार गए थे कहते तब इंद्राणी ने इंद्र को रक्षा सूत्र अर्थात राखी बांधी थी। जिसके बल से इंद्र फिर से विजयी बने थे। यह त्यौहार हमें परमात्मा के प्रेम और सुरक्षा का अनुभव करने और उनके साथ अपने संबंध को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। समूचा विश्व ही असुरक्षित है सैकड़ो विकारों बुराईयों व्यसनों और बीमारियों ने मानव को जकड़ रखा है। ऐसे तमोप्रधान माहौल में स्वयं अर्थात अपनी आत्मा की बुराइयों से रक्षा करना बहुत मुश्किल है। इसलिए अगर हम परमात्मा के साथ मन बुद्धि से रहने के बन्धन में स्वयं बांधते है तो निश्चित ही परमात्मा हमारी हर प्रकार की बुराईयों से रक्षा करते है। सभी का मुख मीठा करवाया परमात्मा ब्लेसिंग कार्ड दिये दीदी ने सभी को तिलक लगा कर राखी बांधी। जिसमें बड़ी संख्या में भाई बहने उपस्थित रहे।

## विश्व हिंदू परिषद अनुज परिहार ने विधायक, मंत्रियों से किया विशेष जनसंपर्क

**गोटेगांव।** विगतदिवस विश्व हिंदू परिषद द्वारा विशेष संपर्क विभाग के अंतर्गत महाकौशल प्रांत में तीन दिवसीय विधायक संपर्क अभियान चला कर क्षेत्र के विधायक मंत्रियों को हिंदू मंदिरों को प्रशासन से मुक्त करने के लिए संपर्क किया जिसे लेकर महाकौशल प्रांत के क्षेत्रीय व प्रांतीय अधिकारियों द्वारा यह जिम्मेदारी निवासी गोटेगांव विश्व हिंदू परिषद के सबसे सक्रिय युवा सागर विभाग संगठन मंत्री अनुज परिहार को मिली है, उन्होंने इस विशेष अभियान पर जोर डालते हुए विस्तृत चर्चा कर बताया कि इसका उद्देश्य हमारे हिंदू मंदिरों के बड़े-बड़े ट्रस्टों का पैसा हिंदुओं के कार्य में ही लगे और हिंदू मंदिरों का पैसा शासन से मुक्त होकर हिंदुओं के पास रहे ऐसा एक राज्य धार्मिक परिषद का गठन होगा! जिसमें माननीय मुख्यमंत्री, धार्मिक नेता, वरिष्ठ जज, बुद्धिजीवी ,मंदिर के प्रमुख पुजारी, ऐसे कुछ प्रमुख लोग उसमें अध्यक्ष उपाध्यक्ष,सदस्य रहेंगे, उसके नीचे जिला में धार्मिक राज्य परिषद बनेगा! उसके लिए विश्व हिंदू परिषद के केंद्र की योजना देश भर में यह अभियान



चला रहा है, जिसमें हमने अपने अन्य साथियों के साथ सुरखी विधायक एवं कैबिनेट मंत्री गोविंदसिंह राजपूत खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री संरक्षण विभाग विधायक पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार वन एवं पर्यावरण मंत्री विधायक चंदला शैलेंद्र जैन सागर पूर्व मंत्री भूपेंद्रसिंह खुरई विधायक प्रदीप लहरिया नरयावली बृज बिहारी पटेरिया देवी विधायक श्रीमती ललिता यादव छतरपुर पूर्व राज्यमंत्री अरविंद पटेरीया विधायक राजनगर अमित जैन निवाड़ी श्रीमती रामसिया भारती बड़ामलेहरा राजेश शुक्ल बिजावर विधायक नितेंद्र राठौर पृथ्वीपुर विधायक एवं गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक महेंद्र नागेश सहित अन्य विधायक एवं मंत्रियों से संपर्क किया और इस अभियान के विषय में चर्चा की साथ ही इन सभी विधायक एवं मंत्रियों से मुलाकात के दौरान इन सभी का समर्थन मिला, साथ ही धर्मांतरण,लवजिहाद लैंडजिहाद,नसे को खत्म करने जैसे विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की जिसे लेकर पूरे देश भर में विशेष संपर्क किया जा रहा हैं। संगठन द्वारा निर्धारित सभी विषयों को विधानसभा में बात रखने हेतु आग्रह किया ! आगे अनुज परिहार ने कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी संगठन से मिली है उसे में ईमानदारी और निष्ठापूर्वक पूरा करने की हर कोशिश करूंगा !

## भगवानदास साहू का SRG कार्यालय में हुआ सम्मान

**गोटेगांव।** विगतदिवस कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त तेलघानी बोर्ड मध्य शासन के अध्यक्ष रविकिरण साहू ने साहू समाज उत्थान मंडल के संयोजक साहू समाज के अध्यक्ष तथा पेंशनर समाज गोटेगांव के तहसील अध्यक्ष का दायित्व निभाने वाले भगवानदास साहू सेवानिवृत शिक्षक को गोटेगांव विधानसभा 118 का विधानसभा प्रभारी नियुक्त किया था, जिसे लेकर साहू समाज सहित नगर के विभिन्न राजनीतिक समाजसेवी संगठनों में हर्ष व्याप्त हैं इसी श्रृंखला में श्रीदेव ठाकुर बाबा मंदिर स्थित SRG कार्यालय में श्री साहू की विधानसभा प्रभारी पद पर मनोनयन होने पर मणिनागेंद्रसिंह फाउंडेशन के सचिव इंजीनियर सरदारसिंह पटेल एवं मोनू भैया मित्र मंडली द्वारा भव्य स्वागत सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें उपस्थितजनों ने श्री साहू को मीठा खीलाकर फूलमाला पहनाकर शाल श्रीफल से



तिलक रोरी लगाकर सम्मान किया ! वहीं विधानसभा प्रभारी पद पर मनोनयन होने पर भगवानदास साहू ने मध्य प्रदेश शासन के अध्यक्ष रविकिरण साहू का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहाकि जो विश्वास मुझ पर करके इतना बड़ा दायित्व सौपा है, उस का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए आपके विश्वास पर खरा उतारने का हरसंभव प्रयास करते हुए संपूर्ण विधानसभा क्षेत्रवासियों को विश्वास दिलाता हूं कि आपकी आवाज को कभी दबने नहीं दूंगा एवं आप सभी के अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव समर्पित और संघर्षरत रहकर संगठन के हक की लड़ाई लड़ना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। वहीं इस दौरान अर्जुनसिंह पटेल मालगुजार को भी उनके जन्मदिन पर इंजीनियर सरदारसिंह पटेल सहित उपस्थित सभीजनों ने उन्हें भी शुभकामनाएं देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ! इस अवसर पर अन्य सभी शुभचिंतक उपस्थित थे !